# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601
Email ID- ceupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 4363 / कार्य–09 / 128 दिनांक 14.07.26

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः–**ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन पाइपलाइन लीक, महीनों से सड़क पर पानी" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"जल जीवन मिशन पाइपलाइन लीक, महीनों से सड़क पर पानी"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त पेयजल का निर्माण जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–02 में जनपद हेतु नामित कार्यदायी फर्म मै0 जी0वी0पी0आर0 द्वारा ग्राम सलेमपुर दूंदेमई विकास खण्ड नवाबगंज में कराया जा रहा है। वर्तमान में योजना में उच्च जलाशय का कार्य 65 प्रतिशत् पूर्ण है। योजना में प्रस्तावित 7014 मी0 वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है एवं प्रस्तावित पम्प हाउस, बाउन्ड्रीवॉल, सोलर पैनल इत्यादि का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना में 01 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है वर्तमान में ट्यूबवबैल के माध्यम से ग्राम सलेमपुर दूंदेमई में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में ग्राम में लीकेज के स्थान पर संबंधित अभियन्ता द्वारा निरीक्षण किया गया है एवं कार्यदायी फर्म द्वारा दिनांक 15.07.2026 को उक्त लीकेज मरम्मत करने हेतु आवश्वासन दिया गया है। उक्त ग्राम के लीकेज की मरम्मत शीघ्रअतिशीघ्र करने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया है।

**आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय**

**(सजन कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि'–**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 542

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

**खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,**
**फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601**
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 4363 / कार्य.09 / 120 दिनांक 14.07.26

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः–**ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन पाइपलाइन लीक, महीनों से सड़क पर पानी" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"जल जीवन मिशन पाइपलाइन लीक, महीनों से सड़क पर पानी"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त पेयजल का निर्माण जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–02 में जनपद हेतु नामित कार्यदायी फर्म मै0 जी0वी0पी0आर0 द्वारा ग्राम सलेमपुर दूंदेमई विकास खण्ड नवाबगंज में कराया जा रहा है। वर्तमान में योजना में उच्च जलाशय का कार्य 65 प्रतिशत् पूर्ण है। योजना में प्रस्तावित 7014 मी0 वितरण प्रणाली बिछाई जा चुकी है एवं प्रस्तावित पम्प हाउस, बाउन्ड्रीवॉल, सोलर पैनल इत्यादि का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना में 01 नग राजस्व ग्राम सम्मिलित है वर्तमान में ट्यूबवबैल के माध्यम से ग्राम सलेमपुर दूंदेमई में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में ग्राम में लीकेज के स्थान पर संबंधित अभियन्ता द्वारा निरीक्षण किया गया है एवं कार्यदायी फर्म द्वारा दिनांक 15.07.2026 को उक्त लीकेज मरम्मत करने हेतु आवश्वासन दिया गया है। उक्त ग्राम के लीकेज की मरम्मत शीघ्रअतिशीघ्र करने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया है।

**आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित।**
**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय**

**(सजन कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि'–**
**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner

# जल जीवन मिशन पाइपलाइन लीक, महीनों से सड़क पर पानी: नबाबगंज के सलेमपुर दूंदेमई में शिकायतें अनसुनी, हादसे का डर

अरसद खान | भटासा( कायमगंज), फर्रुखाबाद
2 दिन पहले



नबाबगंज के सलेमपुर दूंदेमई गांव में जल जीवन मिशन की पाइपलाइन कई महीनों से लीक हो रही है। इस लीकेज के कारण गांव की सड़कों पर लगातार पानी बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लीक हुई पाइपलाइन के कारण सड़क का निचला हिस्सा खोखला हो गया है, जिससे ट्रैक्टर और अन्य भारी वाहनों के गुजरने पर बड़े हादसे का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा, बच्चे भी अक्सर पानी में फिसलकर गिरते रहते हैं। ग्रामीण सुल्तान खान ने बताया कि उन्होंने एक माह पहले 1076 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह, ग्रामीण मुजाहिद खान ने भी दो बार 1076 पर शिकायत करने की बात कही। उन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज होने के बाद न तो किसी अधिकारी का फोन आया और न ही कोई मौके पर जांच के लिए पहुंचा। मुजाहिद खान का यह भी आरोप है कि बिना किसी फीडबैक के उनकी दोनों शिकायतें बंद कर दी गईं। इस संबंध में जल जीवन मिशन के सुपरवाइजर अनिल कुमार ने बताया कि उन्हें एक माह पहले शिकायत मिली थी। उन्होंने स्वीकार किया कि किसी कारणवश काम नहीं हो सका। अनिल कुमार ने आश्वासन दिया कि जल्द ही लीकेज को ठीक कराकर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner